(ISSN 2395 - 468X)
Year - 2017 Vol. 4, No. 1 Issue: January 2017



Van Sangyan

A monthly open access e-magazine

Indexed in:

COSMOS Foundation
(Germany)

Tropical Forest Research Institute
(Indian Council of Forestry Research and Education)
Ministry of Environment, Forests and Climate Change (MoEFCC)
PO RFRC, Mandla Road, Jabalpur – 482021. India

Van Sangyan

Editorial Board

Note to Authors:

We welcome the readers of Van Sangyan to write to us about their views and issues in forestry. Those who wish to share their knowledge and experiences can send them:

by e-mail to vansangyan_tfri@icfre.org

or, through post to The Editor, Van Sangyan,
Tropical Forest Research Institute,
PO-RFRC, Mandla Road,
Jabalpur (M.P.) - 482021.

The articles can be in English, Hindi, Marathi, Chhattisgarhi and Oriya, and should contain the writers name, designation and full postal address, including e-mail id and contact number.

TFRI, Jabalpur houses experts from all fields of forestry who would be happy to answer reader's queries on various scientific issues. Your queries may be sent to The Editor, and the expert's reply to the same will be published in the next issue of Van Sangyan.

Cover Photo: Panoramic view of Achanakmar-Amarkantak Biosphere Reserve
Photo credit: Dr. N. Roychoudhury and Dr. Rajesh Kumar Mishra, TFRI, Jabalpur (M.P.)

From the Editor's desk

Sal (Shorea robusta) is beset by a number of pests and diseases. Among the insect pests in India, Hoplocerambyx spinicornis is the most destructive. Its larvae tunnel through the bark, sapwood and finally to the heartwood, causing death of the tree. The population of the pest keeps building up and if not checked may assume an epidemic level. Other insect pests include Diacavus furtivus and Xyleborus spp. The major fungal diseases include those caused by Polyporus shorea and Polyporus gilvus. The semi-parasite Loranthus scurrula can also cause increment losses. Insects associated with dying saplings, poles and trees of Shorea robusta in India are divided into three groups according to whether they bore in the bark or wood, cause defoliation or suck the sap. Only one species of borer, the Cerambycid, Hoplocerambyx spinicornis, Newm., is capable of attacking and killing healthy trees of any age and size, although it normally breeds in freshly felled timber, windfalls, etc.

Attacked trees die off from the crown downwards by sudden withering of the foliage in spring or autumn, and exude resin profusely at points where the larvae bore in the bark, though the roots remain healthy. Remedial measures include the removal of attacked trees before the next monsoon, collection of beetles in July-August and utilization of trap-trees. These bore in the bark and wood of crown and branches, and some species of Xyleborus and some weevil and Prionid larvae bore into the roots, often to considerable depths below ground-level. Dying-off, when due to secondary borers, is preceded by drying-up of the crown without sudden withering of the foliage; no resin is exuded at oviposition points and the roots are dead in parts or diseased, the wood being invaded by hyphae. The bark remains closely attached to the bole or separates loosely in patches with discolouration of the sapwood. Of these borers, Sphaerotrypes siwalikensis, Stebb., requires fresh moist bark for its brood tunnels, as the brood fails to develop under dry conditions, and in healthy trees a flow of resin drives out or kills the beetles. Acmaeodera stictipennis, Lap. & Gory, Chrysobothris beesoni, Obenb., Sinoxylon anale, Lesne, and Xylotrechus smei, Lap. & Gory, are associated with stag-headed and dried out crowns, and Aeolesthes holosericea, F., Diorthrus cinereus, F., and Coptops aedifi-cator, F., are found in the larger branches and boles of trees thus affected. The occurrence of these species in the absence of others suggests that the trees either died of drought or were attacked after the crown and bole had begun to dry out. The presence of the Tineid borer, Gerontha captiosella, Wlk., is associated with a saprophytic bark fungus, Hypoxylon annulatum, which produces a charcoal-like formation beneath the outer dead bark easily mistakeable for scorching by ground fires. Dying-off with drought as the sole predisposing factor is rare, as there are usually complications in the shape of root diseases. Dying-off in localities of high rainfall or under normal weather conditions is mainly associated with Diapus furtivus, Samps., Crossotarsus saundersi, Chap., Xyleborus spp., Dialeges pauper, Pasc., and Xylotrechus buqueü, Lap. & Gory. Attack by Hoplocerambyx spinicornis, as a secondary borer, indicates an unresistant condition in the tree at the beginning of the rains. Secondary borer attack is distinguished from primary attack in regions of high rainfall by the diversity of the incidence of the constituent species. The successful application of remedial measures against secondary borers saves the timber but does not stop dying-off. The primary causes of dying-off are probably referable to physiological disturbances resulting from meteorological conditions.

This issue of Van Sangyan contains two articles on Insect pest problem in intensive plantation of sal and sal borer and it's management (in Hindi). There are also useful articles, such as Floral diversity in Satkosia Tiger Reserve, Odisha, Blue carbon and its change in dimension due to COP 21, Soil health (in Hindi), Present and future scenario of farmer's income, Oroxylum indicum- a sacred medicinal plant (in Hindi), Exotic tropical fruit trees and their utility, Lichens as air pollution bio indicators, Exploration of medicinal plant resources and their utilization in Sarguja, Diversity of macro-fungi, Serpula spp. in central India, Tree stratum and forest floor biomass in the proximity of collieries and Biodiversity of Ailurus fulgens and Aristolochia elegans.

I hope that readers would find all information in this issue relevant and valuable. Van Sangyan welcomes articles, views and queries on various issues in the field of forest science.

Looking forward to meet you all through forthcoming issues.

Dr. N. Roychoudhury
Scientist G & Chief Editor

Contents

Insect pest problem in intensive plantation of sal (*Shorea robusta*) in Chhattisgarh

P. B. Meshram and N. Kulkarni
Forest Entomology Division
Tropical Forest Research Institute
(Indian Council of Forestry Research & Education, Ministry of Environment, Forests and Climate Change, Govt. of India)
P.O. RFRC, Mandla Road, Jabalpur-482021 M.P.

Introduction

Sal, *Shorea robusta* Gaertn. f. (family-Depterocarpaceae) is a large deciduous, resiniferous tree having majestic shining foliage. This potential tree species is one of the most important timbers of India both ecologically and economically (Tewari, 1995). Chhattisgarh is the second largest state with extensive sal forest 17,165 sq km i.e. 46% of the total forests of the state (Bajpaee, 1982). It is widely distributed in central and north India and constitutes an important ecosystem, which provides cool and calm environment rich in biodiversity. This is a slow growing species in its natural habitat and sometimes in non-irrigated plantations. But the potential of sal as fast growing species has been explored by raising intensive management like drip irrigation and high inputs. In Chhattisgarh state, the intensive plantation of sal is a recent approach in plantation strategy.

Forest Division, Bilaspur has raised the intensive plantations at Bendarchua beat, Ratanpur range in 10 ha area during 2013-14. For plantations, seedlings of sal were obtained from Bhaisajhar nursery, Forest Division, Bilaspur. The total numbers of plants are 25,000 with spacing 2x2 m. As per the information given by the staff, at the time of plantation, applied 500 g Farm Yard Manure (FYM) + Neem cake 250 g + Bonemill 250 g. The adjoining areas of this plantation are miscellaneous sal forest. The average height is 1.67 m and basal girth is 11.6 cm.

In pursuance to the information regarding the pest problem received from Divisional Forest Officer, Bilaspur, CG State Forest Department on dated 08th November, 2016 during the training programme at Van Vigyan Kendra, Bilaspur. A team of Scientists of Tropical Forest Research Institute, Jabalpur visited and surveyed the entire plantation areas. This plantation is now facing the problem of insect pest attack at different phase of growth and reported the presence of girdle beetle *Celosterna scabrator*, termite, leaf binder *Nephopteryx rodabasalis*, leaf defoliating scarabaeid beetles, leaf gall forming insect, *Trioza* spp (Fig.1-7). The major insect pests are *C. scabrator* and termite, *Odontoermes* spp and minor insect pests are *N. rhodabasalis*, *Trioza* spp., and scarabaeid beetles. The incidence of girdle beetle ranges from 30-50 per cent (average 27.85 per cent) whereas the termites 30-50 per cent (average 37.14 per cent) were recorded. The beetle *C. scabrator* Fab.(Coleoptera: Cerambycidae) are nocturnal habitat and eat irregular patches of bark of green twigs, sometimes girdling and killing shoots / twigs. No epidemics of this insect pest have been reported on sal (Beeson, 1941). A subterranean termite *Odontotermes* spp occur in plains. It forages by runways to bark of stem of which it makes mud plaster covering. It is

frequently also injurious to roots. The other important insect pests like defoliators and leaf gall maker are observed in less incidence and minor.

Possible control measures to encounter the present problem

The staff of Forest Division, Bilaspur has applied the insecticide Mol-76% (Dichlorvos) i.e. 50 ml in 12 lit of water against these insect pests. But the incidence of these insect pests is increased day by day. The team of the Scientists of TFRI, Jabalpur suggested the following control measures.

1. Installation of light trap unit for collection of adult beetle population from plantations for reducing the oviposition rate.
2. Remove the mud plaster of termite and applying Chlorpyrifos 20 EC @ 0.05% i.e. 2.5 ml per lit of water. One lit of solution should be applied around the plant and same solution mix with lime and should be applied on the stem up to 30-60 cm.
3. Foliar spraying of Monocrotophos 36 EC@ 0.05% (1.4 ml per lit of water) two times at 15 days interval should be done.

References

Bajpaee, H.V. (1982). Working Plan for the Sal Forests of Mandla District, M.P. Govt. of Madhya Pradesh. 455 pp.

Beeson, C.F.C (1941). The Ecology and Control of the Forest Insects of India and the Neighbouring Countries. Vasant Press, Dehradun, 1007 p.

Tewari, D.N. (1995). A Monograph on Sal *(Shorea robusta* Gaertn.f.*).* International Book Distributors, Dehradun, 276 pp.

1

2

3



Figs. 1. Intensive sal plantation; 2. Beetle *Celosterna scabrator*; 3. Girdling plant by beetle; 4. Dying shoot damaged by beetle; 5. Larva of *Nephoteryx rhodabasalis* defoliate plant; 6. Termite plaster on stem; 7. Gall forming insect, *Trioza* spp damaged leaves

साल वनों में साल छिद्रक का प्रकोप एवं प्रबंधन

एन. रॉयचौधुरी एवं राजेश कुमार मिश्रा

उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार)

जबलपुर (म.प्र.)

साल वृक्ष हमारे भारतवर्ष में पारिस्थितिकीय एवं आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्ष है। भारत में साल वन लगभग 1, 05, 790 वर्ग कि. मी. क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें 38,000 वर्ग कि. मी. क्षेत्र उड़ीसा, यह पूरे देश के साल वन क्षेत्र का लगभग 35.92 प्रतिशत तथा 24408.45 वर्ग कि.मी. क्षेत्र मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में है। यह पूरे देश के साल वन क्षेत्र का 25 प्रतिशत है।

वनों में पाये जाने वाले अन्य वृक्षों की तुलना में साल में सबसे ज्यादा कीटों की संख्या पायी जाती है। इसमें लगने वाले कीटों की लगभग 346 प्रजातियों की पहचान की जा चुकी है। जिसमें गण कोलियोप्टेरा (191), लेपिडोप्टेरा (126), थाइसेनोप्टेरा (10), आइसोप्टेरा (9), हेमिप्टेरा (4), आर्थोप्टेरा (4),एफिमेरोप्टेरा (1) तथा हाइमेनोप्टेरा (1) शामिल है (सारणी-1)। इन कीटों का प्रकोप साल के पौधे से लेकर पूरे वृक्ष बनने तक सभी अवस्थाओं में, यहाँ तक कि इमारती लकड़ी तथा फर्नीचर तक में पाया जाता है।

सारणी 1 - साल में पाये जाने वाले कीट

गण	कीट प्रजातियों की संख्या	कीट प्रजातियों का प्रतिशत
कोलियोप्टेरा	191	55.20
लेपिडोप्टेरा	126	36.42
थाइसेनोप्टेरा	10	2.89
आइसोप्टेरा	9	2.60
हेमिप्टेरा	4	1.16
आर्थोप्टेरा	4	1.16
एफिमेरोप्टेरा	1	0.29
हाइमेनोप्टेरा	1	0.29
कुल	**346**	**100.00**

लगभग 155 कीट प्रजाति जीवित वृक्षों में देखी गयी है, जिसमें मुख्यतः पत्ती खाने वाले (112), लकड़ी छेदने वाले या छिद्रक (20), बीजों को खाने वाले (19), तथा रस चूसने वाले (4) प्रजातियां हैं (सारणी-2)। इनमें कुछ आर्थिक रुप से अत्यधिक हानिकारक हैं।

सारणी 2 - जीवित साल वृक्ष में पाये जाने वाले कीट

कीट	कीट प्रजातियों का प्रतिशत*	गण	कीट प्रजातियों की संख्या
पत्ती खाने वाले	112 (72.26)	कोलियोप्टेरा	15
		लेपिडोप्टेरा	92
		आर्थोप्टेरा	1
		थाइसेनोप्टेरा	4
छिद्रक (तना एवं जड़ भेदक)	20 (12.90)	कोलियोप्टेरा	10
		एफिमेरोप्टेरा	1
		आइसोप्टेरा	1
		लेपिडोप्टेरा	2
		आर्थोप्टेरा	3
		थाइसेनोप्टेरा	3
बीजों को खाने वाले	19 (12.26)	कोलियोप्टेरा	6
		लेपिडोप्टेरा	11
		थाइसेनोप्टेरा	2
रस चूसने वाले	4 (2.58)	हेमिप्टेरा	4
कुल			**155**

***क्षति की प्रकृति पर आधारित**

उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के साल वनों में वृक्ष की सभी अवस्थाओं में नुकसान पहुंचाने वाले अन्य कीटों के अलावा तना छिद्रक कीट का अत्यधिक प्रकोप पाया जाता है, जो वृक्ष को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। यह कीट साल के तने को भेदकर उसे खाता है तथा अन्दर में सुरंग बनाकर रहता है। इस कीट का नाम साल छिद्रक कीट; साल छिद्रक - *होप्लोसिराम्बिक्स स्पाईनिकॉर्निस* है। सामान्यतः यह साल छिद्रक के नाम से प्रचलित है।

साल छिद्रक के बारे में जानकारी

साल छिद्रक कीट गहरे भूरे रंग का, लम्बी एन्टीना (मूंछो) वाला बीटल (एक विशेष कीट समूह) होता है। इसकी लम्बाई 3 से. मी. से 7 से. मी. तक होती है। इसके दो कांटेदार एन्टीना होते हैं, जो कि इसके शरीर की लम्बाई से भी ज्यादा हो सकते हैं। यह कोलियोप्टेरा गण के सिराम्बिसिडी कुल के अन्तर्गत आता है। इसका वैज्ञानिक नाम *होप्लोसिराम्बिक्स स्पाईनिकॉर्निस* है। इसका जीवन चक्र एक वर्ष का होता है, जिसमें इनकी चार अवस्थाऐं होती हैं: अण्डा, इल्ली (लार्वा), प्यूपा एवं वयस्क।

साल छिद्रक का जीवन चक

अण्डे - यह चावल के दानो के समान सफेद रंग के होते है । अण्डो में से 3-7 दिनों में 80-90 प्रतिशत इल्लियां निकल जाती है ।



चित्र 1: साल छिद्रक का जीवन चक्र

इल्ली

अण्डो से इल्लियां निकालने के तुरन्त बाद ही छाल के अन्दर प्रवेश करती हैं तथा सबसे पहले रसदार लकड़ी (Sapwood) को खाती हैं, धीरे-धीरे इल्ली रसदार लकड़ी (Sapwood) से मजबूत लकड़ी (hardwood) में प्रवेश कर उसे खाती है । इल्लियों द्वारा किये गये बोर का अनुमान वृक्षों के नीचे गिरे हुए बुरादे से लगाया जाता है । यह इल्ली अवस्था 294-307 दिनों तक रहती है ।

प्यूपा

प्यूपा बनने से पहले इल्लियां क्षितिज के समांतर दिशा में रसदार लकड़ी (Sapwood) में सुरंग बनाकर प्यूपल चेम्बर का निर्माण कर प्यूपेशन में चली जाती है । प्यूपेशन का समय 39-52 दिनों का होता है । अविकसित वयस्क अवस्था मई माह तक रहती है । जून माह में अवयस्क पूर्ण रूप से वयस्क में परिवर्तित हो जाता है, तथा जून माह में पहली बारिश के साथ वयस्क बाहर निकलकर जोड़ी बनाते है । वयस्क कीटों में मादा कीट कि आयु 38 दिन तथा नर कीट की आयु 9 दिन मानी जाती है ।

वयस्क

साल छिद्रक के वयस्क कीट साल छिद्रक से संक्रमित वृक्षों से जून की पहली बारिश से जुलाई के अंत तक बाहर निकलते रहते हैं । वयस्क कीट काले या रक्तिम भूरे रंग के होते है, जिसकी लम्बाई 3-7 से.मी. होती है । यह बाहर निकलने के तुरंत बात ही जोड़े बना लेते हें । मादा वयस्क निषेचन क्रिया के बाद 7-9 दिनो में अण्डे देते है ।

मादा वयस्क अपने अण्डे वर्तमान में गिरे हुए वृक्षों मे अथवा जीवित खड़े वृक्षों के तनों अथवा शाखाओं के छाल में देती है। मादा वयस्क अपने जीवन काल में 100-300 अण्डे तक देती है।

साल छिद्रक का व्यवहार

साल छिद्रक कीट का वयस्क *होप्लोसेराम्बिक्स स्पाईनिकॉर्निस* हर साल मानसूनी वर्षा की पहली बौछार पर जून माह के मध्य से साल वृक्षों से निकलना शुरू करते हैं। जून के महीने में यदि वर्षा कुछ देर से माह के अंत में हो जाती है तो वयस्क कीट कुछ दिनों के बाद निकलने लगते हैं। परन्तु यदि वर्षा जुलाई महीने के अंत तक नहीं होती है तो वयस्क कीट जब तक बारिश न हो, नहीं निकलते है। हर बारिश की बड़ी बौछार पर वयस्क कीट के समूह साल वृक्षों से बाहर निकलते है और यह प्रक्रिया पूरे मानसून भर चलती रहती है।

वयस्क कीट सूरज की रोशनी में खासतौर पर दिन के अपरान्ह 1 बजे से शाम के 5-6 बजे तक अतिक्रियाशील रहते हैं। ये सूरज की सीधी रोशनी से दूर छायादार जगह पर रहना पंसद करते हैं। सामान्यतः ये वयस्क जंगल में रूक-रूक कर कम ऊंचाई की उड़ान भरते हैं और काफी तेजी से पेड़ की छाल पर, छायादार जगहों पर जैसे गिरे या कटे पेड़ या लठ्ठे के नीचे, छाल के बीच-बीच में, बड़ी पत्तियों, इत्यादि में छिपकर इकट्ठे हो जाते हैं। आकाश पर छाये बादल या रिमझिम से कुछ तेज वर्षा होने पर ये वयस्क खुले में लंबी दूरी की उड़ान भी भर सकते हैं।

वयस्क कीट, साल वृक्ष की छाल को काटते हैं। खासतौर पर ये आंतरिक जीवित छाल और इससे निकलने वाले ताजे रस और बाह्य काष्ठ की ओर बहुत आकर्षित होते हैं। इस रस का ये तब तक सेवन करते हैं, जब तक कि उनकी खाने की नली पूरी भर नहीं जाती है। ताजे रस के अतिरिक्त ये वयस्क कीट, पानी की बूंदों को भी पीते रहते हैं। वयस्क कीट, बिजली की रोशनी की ओर कम मात्रा में आकर्षित होते हैं, परन्तु साल वृक्ष के ताजे रस की सुगंध इन वयस्क कीटों को लगभग 2 कि.मी. की दूरी से अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अतः कीटों के इस व्यवहार का प्रयोग इन्हें पकड़ने में किया जाता है। साल छिद्रक वयस्क कीट सामान्यतः मृत वृक्ष, जैसे - गिरे हुए वृक्षों, हवा-आंधी और बीमारी से टूटे वृक्षों पर अंडे देते हैं। पूर्ण स्वस्थ साल वृक्ष पर अंडे तब तक नहीं दिये जाते जब तक कि मृत वृक्ष इतने नहीं हो जाते कि सारे वयस्क उन पर अंडे दे सकें। जीवित साल वृक्ष जिनकी गोलाई 91-150 सें.मी. होती है, की छाल पर उपस्थित छेद, लंबी नाली नुमा खांचों पर, वृक्ष के निचले नम एवं सरस हिस्सें, गिरे हुए वृक्षों के नीचे अथवा खड़े वृक्षों के छायादार हिस्से में अंडे देते हैं।

अंडे से निकली हुई अवयस्क इल्ली (ग्रब) सफेद रंग की होती है। यह साल वृक्ष की छाल को छेदते हुए धीरे-धीरे जीवित छाल और बाह्य काष्ठ से होते हुए ऊपर और नीचे बढ़ती है। बाह्यकाष्ठ से निकलने वाले द्रव या राल यदि ज्यादा मात्रा में हो तो वह छोटी इल्ली अंदर प्रवेश नही कर पाती है और राल मे डूबकर मर जाती है। यदि राल पर्याप्त मात्रा में वृक्ष से नहीं निकलता है तो ये इल्ली या ग्रब सफलतापूर्वक जीवित रहते हैं और वृक्ष के अंदर प्रवेश कर जाते हैं। ग्रब्स, बाह्यकाष्ठ को खाकर आड़ी - तिरछी सुरंगे बनाते हैं। जिसमें लकड़ी का बुरादा भरा रहता है, जब कीटों की संख्या अधिक होती है तो वृक्षों को पोशक तत्व पहुंचाने वाली नलियां पूर्णरुप से नष्ट हो जाती है

जिससे वृक्ष को भोजन व पानी मिलना बंद हो जाता है और वृक्ष सूख जाता है। दिसम्बर माह से यह इल्लियाँ (ग्रब्स), मध्यकाष्ठ में चौड़ी सुरंग या प्यूपल कक्ष बनाकर एवं निकासी हेतु एक सुरंग बनाकर, प्यूपल कक्ष में प्यूपा की स्थिति में चली जाती हैं।

साल छिद्रक का संक्षिप्त इतिहास

मध्य प्रदेश के मण्डला क्षेत्र के आस-पास के वनों में सर्वप्रथम वर्ष 1923-28 के दौरान लगभग 70 लाख साल वृक्ष इस कीट से प्रभावित हुए थे। इसके उपरान्त वर्ष 1950-1955, 1959-62, 1979-82 एवं 1996-2001 की अवधि में यह प्रकोप विभिन्न साल वनों में महामारी के रुप में पाया गया। वर्ष 1996-2001 के दौरान तत्कालीन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ क्षेत्र में इसके प्रकोप से 3 लाख हेक्टेयर साल वन में लगभग 40 लाख साल वृक्ष प्रभावित हुए थे। यदि किसी ईकाई क्षेत्रफल में साल छिद्रक से ग्रसित वृक्षों का प्रतिशत एक प्रतिशत से अधिक होता है तो इसे महामारी की शुरुआती अवस्था समझी जाती है। अभी तक देश के विभिन्न प्रदेशों से 21 प्रकोपित क्षेत्र पाए गये हैं। सबसे पहले वर्ष 1905 में बालाघाट, मध्य प्रदेश में प्रकोपित क्षेत्र रिकार्ड किया गया था। वर्ष 1997-2000 में छत्तीसगढ़ में साल छिद्रक का प्रकोप पाया गया था। वर्तमान में जगदलपुर वन मण्डल के कलिंग परिक्षेत्र तथा बस्तर वन मण्डल के कांकेर परिक्षेत्र में इसका प्रकोप पाया गया है।

साल छिद्रक कीट से ग्रसित वृक्षों की संख्या बढ़ने के संभावित कारण

उत्तर एवं मध्य भारत में साल छिद्रक कीट साल के वनों में मूलतः साल के गिरे हुए वृक्षों का छिद्रक कीट हैं। परन्तु कभी-कभी जब जलवायु दो-तीन वर्षों में इनके अनुकूल रहती है और ये अधिक संख्या में पैदा हो जाते हैं तो यह साल के जीवित खड़े वृक्षों को भी ग्रसित करने लगते हैं और महामारी का रूप धारण कर लेते हैं। यह महामारी किसी एक कारण से नहीं होती है। वातावरण की जलवायु एवं कई जैविक कारणों से जब प्राकृतिक असंतुलन हो जाता है तब इन कीटों की संख्या में अचानक बढ़ोत्तरी हो जाती है। संक्षेप में इन कारणों का वर्णन निम्न है:-

जलवायु की अनुकूलता

वातावरण एवं मौसम जैसे तापमान, आद्रता एवं वर्षा, साल के छिद्रक कीट की संख्या को कम या अधिक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कीट के जीवन चक्र में इन कारकों का अनुकूल होना इस छिद्रक के प्रजनन में आवश्यक है। अतः जलवायु में इन कारकों की अधिकता, कमी और असमयता से जलवायु-संतुलन बिगड़ जाता है जिससे कभी-कभी कीट की संख्या बढ़ कर महामारी के रूप में परिलक्षित हो जाती है, या फिर इनकी संख्या में कमी आ जाती है या कभी-कभी इनकी संख्या समाप्त हो जाती है।

प्रयोगों से पाया गया कि मादा कीट के अण्डे दिये जाने की प्रक्रिया मुख्य रूप से आद्रता एवं तापमान पर निर्भर है। जब कभी वातावरण में आद्रता 55 प्रतिशत से कम होती है तो इस कीट के अण्डे की संख्या में कमी आ जाती है। वातावरण में 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत आद्रता इस कीट की मादा द्वारा अण्डे देने के लिए उपयुक्त मानी जाती है, परन्तु जुलाई-अगस्त माह में औसतन 90 प्रतिशत आद्रता इन मादा वयस्कों के सर्वाधिक संख्या में अण्डे देने के लिए उपयुक्त होती है। वातावरण के तापमान का अधिक व कम होना भी मादा वयस्क के अण्डे देने को

प्रभावित करता है। मादा कीट 26° से 30° से0 के बीच में अण्डे देती है। इससे कम व अधिक तापमान में ये अण्डे नहीं देते हैं। इस प्रकार मादा कीट द्वारा दिये जाने वाले अण्डों और वातावरण के तापमान व आद्रता का कीट के अण्डे देने से सीधा सम्बन्ध होता है जो कि वर्षा के आगमन पर निर्भर करता है। नर एवं मादा कीट का जीवनकाल भी मौसम के अनुसार ही घटता या बढ़ता है। यदि उपयुक्त तापमान व आद्रता हो तो मादा कीट 38 दिन तक जीवित रहते हैं और इस जीवनकाल में ये 500 तक अण्डे देते हैं। मध्यप्रदेश में वर्ष 1995-96 से शुरू हुई इस छिद्रक की महामारी में देखा गया कि साल वनों में 1995 से 2000 तक समान रूप से प्रतिवर्ष अच्छी वर्षा हुई जो 15 जून के आसपास से आरम्भ होकर सितम्बर - अक्टूबर तक होती रही। यह समय कीटों के प्रजनन में सम्भवतः अत्यधिक अनुकूल रहा जिससे साल छिद्रक कीट महामारी के रूप में फैल गया। यह भी देखा गया कि यदि वर्षा का आगमन जून माह में देर से होता है तो वयस्क कीटों का वृक्षों से निकलना भी लम्बित हो जाता है जिससे अण्डों की संख्या में कमी आ जाती है। इसी प्रकार यदि वर्षा समय पर शुरू हो जाती है, परन्तु जुलाई - अगस्त के माह में मौसम शुष्क रहता है तो दिये गये अण्डे भी अधिक तापमान के कारण मर जाते हैं और इनसे इल्लियाँ नहीं बन पाती हैं। वर्ष 2001 में, यद्यपि वर्षा का आगमन सही समय पर हुआ परन्तु कम मात्रा में हुई तथा जुलाई माह में 15 दिनों के लगभग का समय अवर्षा का रहा जिसके फलस्वरूप वातावरणीय तापमान बढ़ गया एवं आद्रता में अचानक कमी आ गई जिससे मादा कीट ने जो अण्डे दिये थे, वे सूखकर नष्ट हो गये। जिन अंडों से वर्षाकाल के दौरान इल्ली निकल गई थी, वह भी आद्रता की कमी व अधिक तापमान के कारण नष्ट हो गये और वनों में साल वृक्षों पर इस छिद्रक का प्रकोप कम होने लगा। इससे वर्ष 2002 में भी यद्यपि मानसून जून माह से ही सक्रिय रहा किन्तु जुलाई से लगभग 15 दिनों के लिए पूर्णतया अवर्षा की स्थिति रही, जिससे पुनः गत वर्ष की भांति इस कीट के प्रकोप में कमी आती रही।

भूमि में नमी व उर्वरता की कमी

वन भूमि मृदा के पथरीली होने और उसमें आवश्यक तत्वों की कमी, वृक्षों की जड़ों में वायु का अभाव, मृदा में पत्थरों का होना, इत्यादि नमी वाले साल वृक्षों को कमजोर बनाता है। अतः ये साल छिद्रक के प्रकोप को बढ़ा देता है।

साल वनों में मनुष्यों की गतिविधियों का दबाव

विगत वर्षों में साल छिद्रक कीट का प्रकोप उन स्थानों में अधिक मात्रा में पाया गया जिनके नजदीक मनुष्यों ने अपने घर बनाये हैं। मनुष्यों द्वारा साल की लकड़ियों को इकट्ठा कर ईंधन के लिए रखना जिसमें छिद्रक के अवयस्क पल रहे हों, साल के वृक्षों की वर्षा काल में कुल्हाड़ी आदि से कटे का निशान बनाना या काटना, पालतू पशुओं को साल वनों में चराई के लिए भेजना, आदि इसके संभावित कारण हैं। पशुओं के वन में घूमने व चराई से वन भूमि कठोर एवं इसमें पानी रोकने की क्षमता घट जाती है। इसके अतिरिक्त चराई से साल वनों में पौधों की कई प्रजातियां जो पर्यावरण संतुलन बनाये रखती है समाप्त हो जाती हैं जिससे भूमि की उर्वरता कम होने लगती है।

पाले का प्रभाव

कुछ साल वनों में ठंड के मौसम में अत्यधिक पाला पड़ जाता है जिससे साल वृक्षों के ऊपरी शिखर सूख जाते है (चित्र 2) परन्तु नीचे की ओर वृक्ष हरा रहता है। ऐसे वृक्ष कमजोर हो जाते हैं और साल छिद्रक कीट के अतिरिक्त कई अनेक कीटों से ग्रसित हो जाते हैं।

चित्र 2: पाले से ग्रसित साल वृक्ष

साल वृक्षों का फफूंद जनित बीमारियों से ग्रसित होना

चित्र 3: फफूंद जनित बीमारियों से ग्रसित साल क्षेत्र

साल वनों में कभी-कभी फफूंद जनित बीमारियाँ जैसे *मेक्रोफोमिना फेसिओलिना* एवं *फ्यूजेरियम आक्जीस्पोरम* आदि नामक फफूंद से होने लग जाती है, जिसके प्रभाव से साल वृक्ष शिखर से सूखने लग जाते हैं। यह बीमारी साल के छोटे या बड़े दोनो प्रकार के वृक्षों में सामानतः रहती है (चित्र - 3)। यदि इन वृक्षों को वनों से नही हटाया गया तो इन वृक्षों पर साल छिद्रक कीट वर्षा ऋतु में अंडे दे देता है और यह इस छिद्रक कीट के प्रजनन में सहायक सिद्व होता है। इस प्रकार की स्थिती मोतीनाला क्षेत्र के अंतर्गत कुछ कक्षों में वर्ष 2004 के फरवरी माह में देखी गई।

प्राकृतिक शत्रुओं की कमी

प्रकृति में पाये जाने वाले प्रत्येक कीट के अपने कुछ प्राकृतिक शत्रु भी होते हैं जो इनकी संख्या को नियमित करने में सहायक होते हैं। साल छिद्रक कीट को नष्ट करने वाले अनेक परजीवी, परभक्षी एवं बीमारियां साल वनों में पायी जाती हैं जिससे इस साल छिद्रक कीट की संख्या नियंत्रित रहती है। साल छिद्रक के कुछ प्रमुख शत्रुओं में कुछ ब्रेकोनिड परजीवी जैसे *डियोक्रायस देहरीन्सिस, इक्जोब्राकोन मनुलिपेनिस,* परभक्षी जैसे *एलस सॉर्डिडस* एवं फफूँद एवं वैक्टीरिया जनित बीमारियां हैं। ये सभी साल छिद्रक कीट की संख्या प्रकृति में नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। परभक्षी *एलस सॉर्डिडस* (चित्र 4) के अवयस्क साल छिद्रक कीट के अवयस्कों को वृक्षों के अन्दर छिद्रक कीट द्वारा बनाई गई नालियों में प्रविष्ट होकर साल छिद्रक के अवयस्कों को अपना भोजन बनाते हैं। इसके अतिरिक्त साल छिद्रक कीटों को खाने वाले अनेक पक्षियों की उपस्थिति से भी साल छिद्रक कीटों की संख्या प्रकृति में

नियंत्रित होती है। प्राकृतिक रूप से ये परजीवी, कीट भक्षक एवं बीमारियां प्रत्येक मौसम में सामान्यतः साल छिद्रक कीट को कम करते रहते हैं। जलवायु में असंतुलन की दशा में इनकी संख्या में कमी या बढ़ोत्तरी होती है। अतः उपरोक्त सभी कारकों का साल छिद्रक कीट की संख्या बढ़ाकर महामारी के रूप में परिवर्तित करने एवं कम करके महामारी से बचाने में महत्वपूर्ण योगदान होता है।

वयस्क कीटों को अपनी ओर आकर्षित करती है। अतः इन टूटे पेडों को ठंड के मौसम में वन क्षेत्रों से हटा लेना चाहिये। जिससे साल छिद्रक कीट एवं अन्य वन कीट ज्यादा मात्रा में बढ़ न पायें। परन्तु अधिकतर यह देखने में आया है कि इस प्रकार के साल वृक्ष, वन क्षेत्रों में गिरे रहते हैं और इन पर साल छिद्रक कीट पनपता रहता है। अतः ऐसे वृक्षों को या तो वन क्षेत्रों से हटा देना चाहिए या फिर इन गिरे वृक्षों का छिद्रक कीट से

चित्र 4: साल छिद्रक कीट का भक्षक कीट

समान उम्र के साल वृक्षों का एक साथ होना

प्रायः देखा गया है कि साल छिद्रक कीट का प्रकोप 90 से.मी. से 150 से.मी. परिधि के वृक्षों पर अधिक होता है। 90 से.मी. की परिधि से कम साल वृक्षों को यह छिद्रक कम हानि पहुंचाता है। एक समान उम्र के पौधों में यह छिद्रक तुलनात्मक रूप से अधिक पाया जाता है।

साल छिद्रक से ग्रसित साल वृक्षों को वनों से हटाना

साल छिद्रक कीट, वयस्क वृक्षों के टूटने अथवा आघात से निकलने वाले कोशिका द्रव की गंध से साल वृक्षों की ओर आकर्षित होते हैं। वर्षा ऋतु में तेज हवा या पानी से कुछ साल के पेड़ या इनकी शाखायें टूट कर गिर जाती हैं ऐसी दशा में टूटे स्थान से एक द्रव निकलता है जिसकी गंध इन ग्रसित होने से पूर्व छालरहित कर देना चाहिए। यह कार्य वर्षा काल से पूर्व हो जाना चाहिए। वर्षा ऋतु में वृक्ष की कटाई अथवा वृक्ष की टहनियों या तने को आघात पहुँचाने से यह गंध आने लग जाती है जो साल के इस कीट को करीब 2 कि.मी. तक की दूरी से अपनी ओर खींच लेती है। अतः जून से सितम्बर माह तक साल वृक्षों में किसी प्रकार का आघात, कटाई, छटाई इत्यादि नहीं करनी चाहिए।

साल छिद्रक का प्रबंधन

साल छिद्रक से ग्रसित वृक्षों का लक्षणों के आधार पर वर्गीकरण

ग्रसित साल वृक्षों का वर्गीकरण अथवा वृक्षों का लक्षणों के आधार पर गिनती करना, साल छिद्रक कीट की तीव्रता, क्षति एवं स्थिति का अनुमान

जानने के लिए उपयुक्त होता है । यह गिनती जनवरी - फरवरी में उनके लक्षणों के आधार पर की जाती है । ग्रसित सभी कक्षों में प्रत्येक प्रभावित वृक्ष को मार्गदर्शिका के अनुसार श्रेणीवार चिन्हित करना, जी.बी.एच. नोट करना तथा स्थल की जी.पी.एस. रीडिंग भी नोट किया जाना आवश्यक है । यदि साल छिद्रक की उपस्थिति पायी जाती है तो श्रेणी-1 से श्रेणी-3 तक के प्रभावित वृक्षों को साल वन क्षेत्र से हटा कर 4-5 कि0मी0 दूर स्थानान्तरित कर देना चाहिए । ग्रसित साल वृक्षों को लक्षणों के आधार पर निम्न 8 श्रेणियों में विभाजित किया जाता है (चित्र 5) -

श्रेणी-1

वृक्ष की पत्तियां गिर चुकी हो तथा सम्पूर्ण वृक्ष सूखा हो । वृक्ष के नीचे मुख्य तने के चारों ओर 7 से.मी. से अधिक ऊँचा बुरादे का ढेर होना ।

श्रेणी-2

वृक्ष की पत्तियां हरे या भूरे रंग की होकर सूखना शुरू हो गई हों, वृक्ष के नीचे मुख्य तने के चारों ओर 7 से.मी. से अधिक ऊँचा बुरादे का ढेर हो ।

श्रेणी-3

वृक्ष का शिखर सूखा, बिना पत्तियों के अथवा भूरे रंग की या मुरझाई पत्तियाँ, परन्तु तने के निचले हिस्से में कुछ जीवित, पत्तीयुक्त शाखायें तथा मुख्य तने के पास बुरादे के ढेर 7 से.मी. से अधिक ऊँचा तक हो ।

श्रेणी-4

वृक्ष का शिखर शिखर जीवित तथा हरा, नवोदित शाखाएं हरी, वृक्ष के मुख्य तने के पास 7 से.मी. से अधिक बुरादे का ढेर हो ।

श्रेणी-5

वृक्ष शिखर का आधा भाग जीवित तथा शेष भाग मुरझाई पत्तियों युक्त या मृत जिसमें पत्तियाँ गिर गई हों। हरी नवोदित शाखाएं तथा वृक्ष के मुख्य तने के नीचे 7 से.मी. ऊचाई से कम बिखरा हुआ बुरादा हो।

श्रेणी-6

वृक्ष का केवल ठूंठ तथा उसके चारों ओर बुरादे का ढेर।

श्रेणी-7

वृक्ष का शिखर जीवित तथा हरा,

नवोदित शाखायें हरी, तने से प्रचुर मात्रा में गोंद या राल निकला हुआ, बुरादा आसपास छितरा हुआ।

श्रेणी - 8

स्वस्थ वृक्ष, बिना आसपास बिखरे बुरादे वाला एवं साल छिद्रक क्षति से मुक्त।

उपरोक्त प्रकार से वर्गीकृत श्रेणियों की संख्या का आंकलन दिसम्बर से फरवरी तक कर लेना चाहिए तथा नियमानुसार उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर कार्यवाही करनी चाहिए।

चित्र 5: साल छिद्रक ग्रसित वृक्षों का श्रेणीकरण

साल छिद्रक के प्रबन्धन हेतु आवश्यक सुझाव

1- ग्रसित सभी कक्षों में प्रत्येक प्रभावित वृक्ष को मार्गदर्शिका के अनुसार श्रेणीवार

चिन्हित करना, जी.बी.एच. नोट करना तथा स्थल की जी.पी.एस. रीडिंग भी नोट किया जाना आवश्यक है।

2- चूंकि साल छिद्रक की उपस्थिति पायी गयी है अतः श्रेणी-1, श्रेणी-2 तथा श्रेणी-6 के प्रभावित वृक्षों को साल वन क्षेत्र से हटा कर 4-5 कि. मी. दूर स्थानान्तरित कर देना चाहिए।

3- प्रभावित स्थल पर लगभग 1 ट्रेप-ट्री प्रति हेक्टेयर की दर से प्रथम बारिश के बाद से ही ट्रेप-ट्री की कार्यवाही निम्नानुसार जाना अत्यन्त आवश्यक है।

चित्र 6: ट्रेप ऑपरेशन विधी का प्रदर्शन

टेप-ट्री आपरेशन

वृक्षों को श्रेणीवार चिन्हाकित करने एवं उसकी गणना करने के पश्चात साल छिद्रक के प्रबंधन हेतु टेप-ट्री विधी द्वारा वयस्क कीटों को पकड़ा जाता है, जिससे साल छिद्रक के विस्तार को रोका जा सकता है । टेप-ट्री आपरेशन निम्नानुसार किया जाना आवश्यक है (चित्र 6)।

1. प्रभावित स्थल पर लगभग 1 ट्रेप-ट्री प्रति हेक्टेयर की दर से प्रथम बारिश के बाद से ही ट्रेप-ट्री की कार्यवाही किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।
2. ट्रेप लगाने के लिए वर्षा ऋतु के प्रारम्भ के साथ उचित स्थान जहाँ पर साल छिद्रक प्रभावित वृक्षों कि संख्या अधिक हो का चयन किया जाना चाहिए।
3. ट्रेप ट्री आपरेशन हेतु आंधी तूफान से गिरे हुए या टेढ़े मेढ़े साल वृक्ष जो आर्थिक दृष्टि से कम उपयोगी हो, ऐसे वृक्षों का चयन करना चाहिए।
4. ट्रेप ट्री आपरेशन हेतु साल वृक्ष की 60 से 80 से.मी. गोलाई एवं 2-3 मीटर लम्बाई की शाखा का उपयोग किया जाना चाहिए।
5. उपयुक्त शाखा के दोनों सिरे से 1-1 फुट तक छाल को रस निकलने तक पीटना चाहिए जिससे शाखा से साल की महक आने लगती है तथा शाखा की छाल ढीली पड़ जाना चाहिए।
6. इन शाखाओं को चयनित स्थानों में ले जाकर रखा जाना चाहिए तथा

उसे साल वृक्ष के पत्तों से अच्छी तरह से ढंक दिया जाना चाहिए।

7. अगले दिन सुबह सूर्योदय के पहले ट्रेप शाखा का निरीक्षण किया जाना चाहिए।
8. बीटल साल की गंध से आकर्षित होकर रस पीने हेतु शाखाओं में बैठते हैं इन बीटलों को सावधानी पूर्वक पकड़कर नष्ट कर देना चाहिए।
9. पकड़े गये बीटलों को इन्सेक्टिसाइड के घोल, मिट्टी के तेल में डूबोकर अथवा सावधानी से उनके सिर को तोड़कर मार देना चाहिए तथा उनके शरीर को जमीन में 2-3 फीट अन्दर दबा देना चाहिए।

Floral diversity in Satkosia Tiger Reserve, Odisha

K. Chandramohan[1] and P.V. Prasanna[2]
[1]Botanical Survey of India, Deccan Regional Centre
Hyderabad, Telangana-500048
[2]Botanical Survey of India, Central National Herbarium
Howrah - 711 103

Introduction

Documenting flora of any area is vital to unravel the floristic richness and in planning conservation programmes to save the fast eroding Biodiversity. As a part of this scientific programme, the present work on inventorying the flora of the Satkosia Tiger Reserve in Odisha State has been initiated. Satkosia Tiger Reserve ranks second largest home in Odisha for the population of Elephants and Tigers. The reserve comprises two adjoining sanctuaries viz., Satkosia Wildlife Sanctuary and Mahanadi Wildlife Sanctuary. It was declared as a Tiger Reserve in 2007 and is located between 20° 25' 12" to 20°45'36"N latitude and 84°39'00" to 85°05'24" E longitude with in an area of 964 sq. kms spread in four districts of Odisha- Angul, Cuttack, Boudh and Nayagarh. It is a meeting point of two bio-geographical regions of India: Deccan peninsular and Eastern Ghats, contributing to the rich biodiversity. The preliminary floristic survey carried out during 2013-16 in the Tiger Reserve has resulted in identifying 195 shrubs & tree species.

Vegetational types

The varied topographical features, high rainfall and geological conditions have favoured the formation of different Vegetational types. As per the Champion and Seth (1968), the sanctuary's vegetation falls in 4 major categories viz,. 1. Tropical semi-evergreen forests, 2. Moist peninsular Sal forests, 3. Northern dry mixed deciduous forests & 4. Riparian forests. Important features and species composition of these forest types are metioned below.

Tropical semi evergreen forests

These are mostly confined to the valleys around the hills with highest rainfall and lowest temperature in respective seasons. Top storey is dominated deciduous by trees, they are leafless for a short time only and the second storey is entirely evergreen. The main floristic elements are *Artocarpus lacucha, Bauhinia semla, Dillenia indica, Dillenia pentagyna, Ficus geniculata, Ficus nervosa, Firmiana colorata, Glochidion velutinum, Gmelina arborea, Litsea glutinosa, Litsea monopetala, Mangifera indica, Macaranga peltata, Melia azedarach, Nelsonia canescens, Radermachera xylocarpa* and *Vitex peduncularis.*

Moist peninsular sal forests

Moist peninsular high level sal forests

Sal dominant forests extend up over the hills on laterite trap and crystalline rocks. Regeneration is adequate. These are found in continuation with Semi- Evergreen forests with valleys and streams. These forests dominate with Sal with adequate regeneration and association of species like *Alstonia venenata, Amorphophallus paeoniifolius, Adenostemma lavenia, Bauhinia retusa, Callicarpa arborea, Careya arborea, Cipadessa baccifera, Dillenia indica, Shorea robusta, Spondias pinnata,*

Syzygium cumini, Suregada multiflora, Toona ciliata and *Ziziphus rugosa*.

Moist peninsular low level sal forests

These forests are similar to high level Sal forests with scanty population of Sal and with association of moist deciduous elements. There will be a scrub growth under the Sal with moderately cover of grass. Common elements in these forests are: *Adina cordifolia, Anogeissus acuminata, Anogeissus latifolia, Alstonia venenata, Bambusa bambos, Bauhinia vahlii, Bridelia retusa, Callicarpa tomentosa, Chelicostus speciosus, Clerodendrum viscosum, Clerodendrum infortunatum, Cycas orixensis, Dendrocalamus strictus, Dictyospermum ovalifolium, Dillenia pentagyna, Dracaena terniflora, Ecbolium ligustrinum, Ehretia laevis, Epithema dentatum* subsp. *hispidum, Floscopa scandens, Lagerstroemia parviflora, Macaranga peltata, Microchirita hamosa, Miliusa velutina, Mitragyna parvifolia, Pancratium zaylanicum, Petalidium barlerioides, Phaulopsis imbricata, Polyalthia cerasoides, Pterocarpus marsupium, Remusatia vivipara, Schefflera roxburghii, Shorea robusta, Terminalia arjuna* and *Uvaria hamiltonii.*

Northern dry mixed deciduous forests

This forest type is characterized by hardwood deciduous tree species. The canopy is open. These constitute grass lands, scrub forests that are chiefly confined to the hills at low elevations. The major plant species are *Adina cordifolia, Andrographis paniculata, Anogeissus latifolia, Buchanania cochinchinensis, Butea superba, Caseria tomentosa, Cassia fistula, Cleistanthus collinus, Celastrus paniculatus, Chloroxylon swietenia, Combretum album, Cryptolepis sinensis, Dalbergia latifolia, Dicliptera bupleuroides, Diospyros melanoxylon, Drimia indica, Gardenia latifolia, Gardenia resinifera, Garuga pinnata, Helicteres isora, Hemigraphis crenata, Hemigraphis hirta, Hemigraphis latebrosa, Holarrhena pubescens, Lannea coromandelica, Lobelia alsinoides, Mallotus philippensis, Mitragyna parvifolia, Pogostemon benghalensis, Protium serratum, Smilax zeylanica, Symphorema involucratum, Teminalia alata, Terminalia bellirica* and *Theriophonum minutum.*

Riparian forests

These forests chiefly occur along streams, nalas and along Mahanadi river banks. Major elements are *Acmella radicans* var. *debilis, Adenostemma lavenia, Aporosa octandra, Barringtonia acutangula, Carallia brachiata, Chionanthus ramiflorus, Cleistanthus patulus, Crateva nurvala, Dimorphocalyx glabellus, Diospyros malabarica, Ficus nervosa, Gnetum ula, Homonoia riparia, Homonoia intermedia, Kaempferia angustifolia, Lippia javanica, Micromelum minutum, Murraya paniculata, Pongamia pinnata, Putranjiva roxburghii, Rotula aquatica, Sensevieria roxburghiana, Terminalia arjuna* and *Zingiber roseum.*

Literature consulted

Anonymous. (2006). State of Environment Orissa. State Pollution Control Board, Orissa.

Biswal, A.K. (1994). Floristic studies in some sanctuaries of Orissa. Ph. D. Thesis.



Plate 1. A. Tropical semi evergreen forest; B & C. Moist deciduous forest; D. Sal dominant forest; E & F. Dry deciduous forest; G. Riparian forest along Mahanadi; H. Bheemdhara water fall at Tulka

Champion, H.G. and S.K. Seth. (1968). A Revised survey of the forest types of India. Delhi.

Saxena, H.O. (1976). Floristic studies in Orissa. Bull. Bot. Surv. India 19: 39-41.

Saxena H.O., Brahmam M. (1995). The Flora of Orissa. Bhubaneswar: Orissa Forest Development Corporation Ltd. Vol: 1-4.

Acknowledgement

The authors are thankful to Dr. P. Singh, Director, Botanical Survey of India; permission and logistic support provided by PCCF (WL) and Officials of Odisha State Forest department are gratefully acknowledged.

Blue carbon and its change in dimension due to COP 21

S. Suresh Ramanan
College of Forestry, Kerala Agricultural University
Thrissur, Kerala – 680656.

Introduction

Human beings are one of the species on earth whose actions has greatly led to the increasing levels of the greenhouse gases (GHG) especially through deforestation and improper land use activities, which contribute for 8-20 % of the global emissions (Van der Werf*et al*., 2009). Like Forest ecosystem and trees, there is another ecosystem that has greater potential to sequester carbon. Unfortunately its potential was well known only after evidence indicated that land use change and conversion of this ecosystem contributes to emission of GHG – The coastal ecosystem (Barbier et al., 2011). The carbon stocks of this ecosystem are referred as "Blue Carbon".

Blue Carbon

Carbon stored in mangroves, salt tides marshes and many other live forms including the detrital system is termed as Blue carbon (Mcleod et al., 2011). One of the unique features of this system is its capacity to hold carbon for a greater time periods comparing to that of the terrestrial ecosystem (Duarte et al., 2005; Lo Iacono*et al*., 2008). The main reason for the prolonged storage is the anaerobic condition which is absent in terrestrial ecosystem and much of the carbon stored is oxidized to carbon dioxide (Schlesinger and Lichter, 2001). One of the fine example will be the carbon stocks in coastal sediments and mangroves in Belize which have accreted carbon-rich soils more than 10 meters thick and are more than 6,000 years old (Serrano et al. 2014).

Carbon sequestered can be classified into autochthous or allochthonous (Kennedy et al. 2010). This mainly based on the production and sequestration of the carbon. Blue carbon generally is allochthonousas the site of production and deposition are different as they are constantly battered by waves, tides, and coastal currents that transport sediments and associated organic carbon from adjacent ecosystems (offshore or terrestrial). The plants found in these systems have complex root structures and canopies that are efficient at trapping sediment as it moves through the system.

Table 1: Mean and range values of soil organic carbon stocks

Ecosystem	Carbon Stock Mg/ha	Range Mg/ ha	CO_2/ Mequiv/ ha
Mangroves	386	55-1376	1415
Tidal Salt Marsh	255	16-623	935
Seagrass	108	10-829	396

Source: IPCC 2011

Knowledge gaps

In spite of much greater research and studies carried yet there are greater knowledge gas that need to understand. So there work on this arena is much encouraged. Some of the knowledge gaps are

Geographical extent

While mangroves are fairly well mapped, large areas containing seagrass meadows remain largely unsurveyed, (e.g., Southeast Asia, eastern and western South America and the west coast of Africa). Similarly, the global extent of tidal salt marsh and rates of marsh and seagrass meadow loss are currently un-documented.

Sequestration and storage

Limited data are available in the scientific literature on the carbon sequestration and storage rates of blue carbon ecosystems in Africa, South America, and Southeast Asia.

Emissions and removals

Additional mapping of converted, and degraded and revegetated blue carbon ecosystems and the quantification of emissions from exposed organic soils, and from disturbed or degraded seagrass meadows as well as quantification of removals to restored coastal ecosystems, is needed to enable inclusion in relevant databases (e.g., the IPCC Emission Factor Database).

Human drivers

Emission rates associated with specific human activities over time for various drivers of ecosystem degradation, or loss (e.g., drainage, burning, harvesting, or clearing of vegetation at different intensity levels) are limited at the moment, especially for seagrasses. Removal rates to restored coastal ecosystems are also currently lacking. • Coastal Erosion: A significant amount of eroded coastal carbon is thought to be dissolved in the ocean water where it enters the ocean-atmosphere system. The remaining eroded carbon is deposited in offshore sediments and sequestered. The fate of carbon eroded from blue carbon ecosystems is an ongoing topic of scientific research.

Current trend

According to the Sustainable Development Goals (SDGs) Report, coastal resources are extremely vulnerable to environmental degradation, overäshing, climate change and pollution. Its 14th goal, SDG 14 "Life below water", is to conserve and use the oceans, seas and marine resources for sustainable development. One of the targets of SDG14 is that by 2020 marine and coastal ecosystems should be sustainably managed, protected and restored to achieve healthy and productive oceans. We are not nearly close enough to this target. In contrast, these ecosystems are disappearing rapidly. A new global climate treaty, the Paris Agreement, was adopted in December 2015. Its central aim is to strengthen the global response to the threat of climate change by keeping a global temperature rise this century well below 2 degrees Celsius above pre-industrial levels and to pursue efforts to limit the temperature increase even further to 1.5 degrees Celsius.

Conclusion

In response to the new climate treaty, the International Partnership for Blue Carbon (IPBC) was established at the 2015 Global Landscapes Forum in Paris, France- the biggest side event at COP21. The world has provided a platform for us – the researchers especially to forestry scientist

who have to take up some more steps towards the coastal forests. The momentum to work together to use the opportunities is ripe

References

Barbier, E.B., Hacker, S.D., Kennedy, C., Koch, E.W., Stier, A.C. and Silliman, B.R. (2011). The value of estuarine and coastal ecosystem services. Ecological monographs, 81 (2), pp.169-193.

Duarte, C.M., Middelburg, J.J. and Caraco, N. (2005). Major role of marine vegetation on the oceanic carbon cycle. Biogeosciences, 2(1), pp.1-8.

Hiraishi, T., Krug, T., Tanabe, K., Srivastava, N., Baasansuren, J., Fukuda, M. and Troxler, T.G. (2014). 2013 supplement to the 2006 IPCC guidelines for national greenhouse gas inventories: Wetlands. IPCC, Switzerland.

Kennedy, H., Beggins, J., Duarte, C.M., Fourqurean, J.W., Holmer, M., Marbà, N. and Middelburg, J.J. (2010). Seagrass sediments as a global carbon sink: isotopic constraints. Global Biogeochemical Cycles, 24 (4).

Lo Iacono, C., Mateo, M.A., Gracia, E., Guasch, L., Carbonell, R., Serrano, L., Serrano, O. and Danobeitia, J. (2008). Very high-resolution seismo-acoustic imaging of seagrass meadows (Mediterranean Sea): Implications for carbon sink estimates. Geophysical Research Letters, 35 (18).

Mcleod, E., Chmura, G.L., Bouillon, S., Salm, R., Björk, M., Duarte, C.M., Lovelock, C.E., Schlesinger, W.H. and Silliman, B.R. (2011). A blueprint for blue carbon: toward an improved understanding of the role of vegetated coastal habitats in sequestering CO2. Frontiers in Ecology and the Environment, 9 (10), pp.552-560.

Schlesinger, W.H. and Lichter, J., 2001. Limited carbon storage in soil and litter of experimental forest plots under increased atmospheric CO2. Nature, 411 (6836), pp. 466-469.

Serrano, O., Lavery, P.S., Rozaimi, M. and Mateo, M.Á. (2014). Influence of water depth on the carbon sequestration capacity of seagrasses. Global Biogeochemical Cycles, 28 (9), pp.950-961.

Van der Werf, G.R., Morton, D.C., DeFries, R.S., Olivier, J.G., Kasibhatla, P.S., Jackson, R.B., Collatz, G.J. and Randerson, J.T. (2009). CO2 emissions from forest loss. Nature geoscience, 2 (11), pp.737-738.

मृदा स्वास्थ्य

ममता मेश्राम

वानिकी अनुसंधान एंव मानव संसाधन विकास केन्द्र

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार)

छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

मृदा स्वास्थ्य का आशय मिट्टी की गुणवत्ता के आकलन से है जो पौधे एंव पशुओं की उत्पादकता और विविधता को टिकाऊ रख सके एंव मनुष्यों के स्वास्थ्य में सहायक हो। किसी भी राष्ट्र के वृद्धि एंव विकास में मृदा स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। पौधों के पोषक तत्वों के अंधाधुंध और असतुलित प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य में गिरावट के संकेत मिल रहे है। मृदा कार्बनिक कार्बन मृदा स्वास्थ्य के अनुरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है परन्तु रासायनिक उर्वरको के बढतें चलन और जमीन में परम्परागत रूप से कार्बनिक पदार्थो को मिलाने का लम्बे समय से अनदेखा किया जा रहा है। संस्थान ने पोषक तत्व प्रबन्ध के क्षेत्र में कई उत्तम विधियों का विकास एंव परीक्षण के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण सूचनाओं का भी विकास किया है जिससे विभिन्न मृदा - फसल -जलवायु और प्रबन्ध अवस्थाओं में उत्तम मृदा स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। मृदा स्वास्थ्य में सुधार लाने और उसे बनाए रखने के लिए कुछ उन्नति प्रौद्योगिकियों जैसे कि मृदा परीक्षण के आधार पर लक्षित उपज के लिए पोषक तत्वों का प्रयोग कम भूपरिष्करण एंव लाभकारी सूक्ष्मजीवों का प्रयोग एंव समन्वित पौध पोषण प्रणाली का प्रयोग करना आदि है ।

पोषक तत्वों के स्त्रोत के रूप में केवल उर्वरकों के प्रयोग के सहारे उत्पादकता और लाभ के रूप मे कृषि उत्पादन प्रणाली को टिकाऊ नहीं बनाया जा सकता है। दूसरी तरफ समन्वित पोषक तत्व प्रबन्धन तकनीक एक जानी मानी पहचानी तकनीक है और वर्तमान समय में कासनों का रूझान इस ओर हुआ है। समन्वित पोषक तत्व प्रबन्धन तकनीक में रासायनिक, कार्बनिक और जैविक उर्वरकों के रूप में पोषक तत्व की पर्याप्त एंव संतुलित मात्रा को समन्वित रूप में प्रयोग करते है। इस प्रणाली को अपनाने से पोषक तत्व उपयोग दक्षता में बढ़ोत्तरी, मृदा स्वास्थ्य को बरकरार रहने के साथ उपज में बढ़ोत्तरी होती है और लागत में कमी आती है। समन्वित पौध पोषक तत्व प्रबन्धन तकनीक से अभिप्राय है कि मृदा उर्वरता को बढ़ाने अथवा बनाए रखने के लिए पादप पोषक तत्वों के सभी उपलब्ध स्त्रोतों से मृदा में पोषक तत्वों का इस प्रकार से सामंजस्य रखा जाये जिससे मृदा की भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणवत्ताओं पर हानिकारक प्रभाव डाले बगैर लगातार उच्च

आर्थिक उत्पादन लिया जा सके । समन्वित पौध पोषक प्रणाली में रासायनिक उर्वरको के साथ कार्बनिक खादें जैसे गोबर की खाद, कम्पोस्ट, हरी खादें, फसल अवशेष तथा दलहनी फसले व जैव उर्वरकों इस तरह से उपयोग से है जिससे मृदा स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर बगैर हानि पहुचाये लगातार कृषि उत्पादन लिया जा सके एंव प्रबंधन इस प्रकार से होना चाहिए कि किसी भी फसल चक्र प्रणाली में फसल की आवश्यकतानुसार पोषक तत्वों का संतुलित एंव इष्टतम् मात्रा में आपूर्ति का सामंजस्य हो ।

हमारी मृदा हजारों सालों से ये पोषक तत्व पौधों को प्रदान कर रही है लेकिन अब पौधों द्वारा पोषक तत्वों का लगातार शोषण एंव इनकी आपूर्ति में कमी होने से मृदाओं में इन तत्वों की कमी हो गई है। ईधन एंव चारे के रूप में प्रयोग होने से कार्बनिक खादों की उपलब्धता भी एक समस्या है। पौधों की वृद्धि एंव विकास के लिए कार्बन, हाइड्रोजन, अक्सीजन, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम तथा गंधक की पौधों को अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है अतः इन्हे मुख्य पोषक तत्व कहते है जस्ता, लोहा, मैगनीज, तांबा, बोरोन, मोलिब्डेनम, क्लोरिन तथा निकिल की पौधों को कम मात्रा में आवश्यकता होती है अतः इन्हे सुक्ष्म पोषक तत्व के नाम से जाना जाता है। मृदा सुक्ष्म पोषक तत्वों का प्राथमिक स्त्रोत है जो कि पौधों, जानवरों एंव मनुष्यों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। जमीन में पोषक तत्वों की कमी मनुष्यों एंव पशुओं में कुपोषण एंव स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें पैदा हो रही हैं । पोषक तत्व के अपर्याप्त एंव असंतुलित प्रयोग से लाभ की अपेक्षा नुकसान अधिक हुआ है। जमीन में सुक्ष्म एंव द्वितीयक पोषक तत्व जैसे जस्ता, लोहा, तॉबा, मैगनीज और कोबाल्ट की कमियॉ उभर कर सामने आयी हैं। जस्ता की कमी वाली मृदाओं में उगने वाली फसलों मे सामान्यतया जस्ता की मात्रा की कमी होती है और वहॉ पर जस्ता से सम्बंधित स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें अधिक होने की संभावना होती है ।

भारत एक मृदा, फसल एंव जलवायु विविधता वाला देश है । ऐसी परिस्थिती में टिकाऊ कृषि उत्पादकता प्राप्त करना पोषक तत्वों के जगह विशेष प्रबंध पर निर्भर करती है। वह उर्वरक उत्पादन एंव कृषि विधियों जो पोषक तत्वों की उपयोग दक्षता में वृद्धि कर सके, किसानों के बीच लोकप्रिय होनी चाहिए। कार्बनिक खादों के कम प्रयोग के साथ उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग, मृदा स्वास्थ्य का खराब होना, फसलों की गिरती उत्पादकता और गिरती उर्वरक अनुक्रिया के लिए प्रमुख उत्तरदायी है। इस प्रकार भारतीय मृदाओं पोषक तत्वों के अनुचित प्रबंध के कारण बहु पोषक तत्वों की कमियॉ उभर कर सामने आई। आजकल बलुई मृदाओं में धान के बाद गेहु और रबी चारा उगाने से मैगनीज की कमी देखी गई। सन् 1990 के प्रारम्भ में 130 जिलों में गन्धक

